# डिस्मॉर्फिक यूटेरस
# DYSMORPHIC UTERUS-1

यह पत्रक आपको यह समझने में मदद करेगा कि डिस्मॉर्फिक यूटेरस क्या है, यह कैसे होता है, आपको कौन से परीक्षण करवाने होंगे और इसका पता लगने का आपपर लम्बे समय तक क्या प्रभाव हो सकता है ।

**डिस्मॉर्फिक यूटेरस क्या है?**

डिस्मॉर्फिक यूटेरस एक ऐसा यूटेरस होता है जिसकी रूपरेखा सामान्य होती है लेकिन गर्भाशय गुहा का आकार असामान्य होता है। इसमें टी-आकार का यूटेरस, यूटेरस इन्फैंटिलिस और यूटेरस गुहा में मामूली विकृतियाँ वाले अन्य यूटेरस शामिल हैं।

**मैं टी-आकार के यूटेरस को इन्फैंटाइल यूटेरस से अलग कैसे पहचान सकता हूँ?**

टी-आकार के यूटेरस में मोटी पार्श्व दीवारों के साथ एक संकीर्ण यूटेरस गुहा होती है। यूटेरस का दो-तिहाई हिस्सा यूटेरिन कॉर्पस और 1/3 गर्भाशय ग्रीवा होता है। जबकि इन्फैंटाइल यूटेरस में टी-आकार के यूटेरस में देखी जाने वाली पार्श्व दीवार की मोटाई के बिना एक संकीर्ण यूटेरस गुहा होती है। यूटेरस का एक-तिहाई हिस्सा यूटेरिन कॉर्पस और 2/3 गर्भाशय ग्रीवा होता है।

**डिसमॉर्फिक यूटेरस कैसे विकसित होता है?**

डिसमॉर्फिक यूटेरस जन्मजात हो सकता है या बाद में विकसित हो सकता है। बाद में विकसित होने वाले रूपों का संबंध एडेनोमायोसिस, उन्नत मातृ आयु और गर्भाशय में अंदरूनी चिपकावों की उपस्थिति से है। जन्मजात रूप गर्भाशय के विकास में कमी और भ्रूण अवस्था के दौरान सिनोवेजाइनल बल्ब के विकास में असफलता के कारण होते हैं।

**डिसमॉर्फिक यूटेरस की व्यापकता क्या है?**

सामान्य जनसंख्या में इस विकार की व्यापकता की पहचान नहीं की गई है क्योंकि डिसमॉर्फिक गर्भाशय वाली महिलाएं आमतौर पर बिना लक्षणों के होती हैं और आमतौर पर इसे उन महिलाओं में पहचाना जाता है जो बांझपन के इलाज के लिए आती हैं।

**कौन-कौन से नैदानिक परीक्षण किए जा सकते हैं?**

2D अल्ट्रासाउंड से डिसमॉर्फिक गर्भाशय का का पता चल सकता है। थ्री-डायमेंशनल (3D) अल्ट्रासाउंड और एमआरआई गर्भाशय की बाहरी फंडल संरचना और एंडोमेट्रियल गुहा के आंतरिक इंडेंटेशन को स्पष्ट रूप से देखने में मदद कर सकते हैं।

अगर मुझे यह विकृति है, तो क्या मुझे अन्य विकृतियाँ भी हो सकती हैं?

डिस्मॉर्फिक यूटेरस मेयर रोकिटांस्की कुस्टर-हॉसर सिंड्रोम (योनि एजेनेसिस जिसमें गर्भाशय की आंशिक या पूर्ण अनुपस्थिति होती है) से जुड़ा हो सकता है। यह टर्नर सिंड्रोम और एक छोटे अल्पविकसित गर्भाशय के साथ अनुपस्थित योनि से भी जुड़ा हो सकता है।

डिस्मॉर्फिक यूटेरस होने का क्या प्रभाव होता है?

उन महिलाओं को जिनके इस प्रकार का गर्भाशय होता है उनमे संरचनात्मक विभिन्नताओं के कारण बांझपन, गर्भ के नुकसान या समय से पूर्व प्रसव जैसी गर्भावस्था संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

क्या डिस्मॉर्फिक यूटेरस का इलाज किया जा सकता है?

प्रजनन परिणामों को बेहतर बनाने के लिए गर्भाशय गुहा की सामान्य शारीरिक रचना को बहाल करने के लिए हिस्टेरोस्कोपिक मेट्रोप्लास्टी नामक एक शल्य प्रक्रिया की जा सकती है।